Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to open Kendriya Vidyalaya in Bahraich, Uttar Pradesh.

श्री अक्षयवर लाल (बहराइच): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन को अवगत कराना चाहता हूं कि मेरा संसदीय क्षेत्र बहराइच अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा बाहुल्य क्षेत्र है । मेरे संसदीय क्षेत्र बहराइच में केन्द्रीय विद्यालय संगठन की शाखा नहीं होने से जनपद बहराइच के स्थानीय छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन व अध्ययन हेतु काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है । इससे मेरे संसदीय क्षेत्र बहराइच की जनता मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित केन्द्रीय विद्यालय संगठन की अति महत्वपूर्ण शिक्षा के लाभ से वंचित रह जाती है । बहराइच संसदीय क्षेत्र उत्तर प्रदेश और नेपाल की सीमा से लगा हुआ सबसे पिछड़ा जिला है ।

अत: सदन के माध्यम से माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री, भारत सरकार से मांग करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र बहराइच में केन्द्रीय विद्यालय संगठन की एक शाखा स्थापित की जाए ।

HON. CHAIRPERSON : Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Shri Akshaibar Lal.